पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ,ग,) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ,ग, शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in

ऑनलाइन गीता महोत्सव का आयोजन
(24 दिसंबर, 2020)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 24 दिसंबर, 2020 को ऑनलाइन गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय डॉ. बंश गोपाल सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. ओमप्रकाश वर्मा, सचिव विवेकानंद विद्यापीठ रायपुर तथा प्रो. लक्ष्मण शरण मिश्र, सेवानिवृत्त प्राध्यापक शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव कुमार लवानियाँ, विभागाध्यक्ष: समाजशास्त्र-समाज कार्य ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव महोदया डॉ. इंदु अनंत जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ता, प्राध्यापक, शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों सहित कुल 50 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज की। ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं ने 'मानव के लिए गीता का सन्देश और गीता की सार्वभौमिकता जैसे विषयों पर अपना व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम संचालक